तापमान

अधिकतम 25.2 डिग्री

न्यूनतम 11.6 डिग्री

हरिभूमि

महासमुंद भूमि

रायपुर, रविवार 28 दिसंबर 2025

14 अटल परिसर के उद्घाटन सत्र में गूंजीं अटल की ...



14 केरल में छग के अप्रवासी मजदूर ...





## खबर संक्षेप

### अस्पताल के कर्मचारी से मारपीट

**महासमुंद**। निजी अस्पताल के कर्मचारी से मारपीट किए जाने के मामले में सिटी कोतवाली थाने में आरोपियों के विरूद्ध अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को प्रार्थी नितेशराज साहू निवासी वार्ड नं. 09 रमनटोला का निवासी ने बताया कि वह महासमुंद के एक निजी अस्पताल स्टाफ नर्सिंग के पद पर पदस्थ है। 26 दिसंबर की सुबह 11 बजे अस्पताल पार्किंग के पास खड़ा था, इसी दौरान पीछे से एक स्कूटी में दो लड़के आये, जिसमे से एक नाम समीर देवार था। समीर देवार ने उसकी कार से अपनी स्कूटी को आगे किया और मुडकर पास आया, जब उसने उसकी तरफ देखा तो आरोपी समीर देवार गाली गलौज करते हुए तुम घूरकर क्यों देख रहे हो, मेरे को जानते नहीं हो, मेरे नाम से शहर के लोग डरते हैं, तुमने मेरा नाम नहीं सुना है क्या, कहने लगा। तभी आरोपी समीर देवार एवं उनके साथी ने तुमको जान से खत्म कर देंगे कहकर डंडे और हाथ मुक्का से मारपीट किया। मामले में आरोपियों के विरूद्ध 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### शपथ ग्रहण समारोह आज

**महासमुंद**। कहार भोई समाज के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह 28 दिसंबर को सुबह 11 बजे मां कन्हाई परमेश्वरी मंदिर प्रांगण कहार भोई समाज भवन इमलीभाठा में होगा। कार्यक्रम को लेकर युवा टीम एवं महिला टीम की बैठक आहूत की गई। जिसमें कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए रुपरेखा बनाई गई। समारोह में मुख्य अतिथि कहार भोई समाज महासभा के अध्यक्ष भुवन अवसरिया, उपाध्यक्ष पदमा कहार, सचिव पुष्कर कहार, कोषाध्यक्ष गणेश चंद्र गोहिल एवं समाज के अन्य राज के अध्यक्ष, सचिव पंच एवं नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू, पार्षद जय देवांगन, माखन पटेल, सुनैना पप्पू ठाकुर होंगे।

# अत्यधिक शराब पीने से ग्रामीण की मौत, रात भर पड़ा रहा शव

## सुबह दुकान पहुंचे कर्मियों ने देखा, हलचल नही होने से हुई मौत की पुष्टि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

महिलाओं और स्थानीय नागरिकों के बावजूद खल्लारी थाना क्षेत्र के अंवराडबरी में खोली गई शराब दुकान के दुष्प्रभाव का पहला मामला सामने आया। शनिवार को एक अधेड़ अत्यधिक शराब सेवक के चलते शराब दुकान परिसर में मृत पाया गया।

मिली जानकारी यह घटना बीती रात की बताई जा रही है। सुबह जब शराब दुकान के कर्मचारी अपने दैनिक कार्य के लिए भट्ठी पहुंचे, तो उन्होंने परिसर के भीतर एक युवक को अचेत अवस्था में पड़ा देखा। शुरुआत में कर्मचारियों को लगा कि युवक गहरी नींद में या नशे की हालत में सो रहा है। लेकिन, पास जाकर देखने पर पता चला कि उसके शरीर में कोई हलचल नहीं थी। युवक की मृत्यु की खबर फैलते ही आसपास के ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। तत्काल इसकी सूचना खल्लारी थाना पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का मुआयना किया और शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा तैयार किया। पुलिस की जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट ही अब इस मामले की दिशा तय करेगी। मृतक की पहचान पंचराम पिता भुवन तांडे निवासी ग्राम तेलीबांधा के तौर पर हुई है।

### शराब भट्ठी को लेकर पहले से था जनाक्रोश

बता दें कि राज्य शासन द्वारा हाल ही में यहां नई शराब दुकान खोली गई है। स्थानीय ग्रामीणों और विशेषकर महिलाओं ने इस भट्ठी को खोले जाने का कड़ा विरोध किया था। ग्रामीणों का तर्क रहा है कि रिहायशी इलाके या मुख्य मार्ग के पास शराब दुकान खुलने से क्षेत्र का माहौल बिगड़ेगा और अपराध बढ़ेंगे। स्थानीय लोगों का कहना है कि जनभावनाओं को दरकिनार करते हुए शांत ग्राम अंवराडबरी में शराब की दुकान खोली गई, जिसका परिणाम अब एक जान गंवाकर सामने आया है।



### जहां शव था वहां शराब पीते दिखाई दिए लोग

बताते हैं कि शराब दुकान नहीं होने से जहां लोग एक पौव्वा लेने के लिए मशक्कत करते थे वहीं अब 3-4 पौव्वा तक पीने लगे हैं। ऊपर से घटनास्थल पर संवेदनहीनता का नजारा भी नजर आया। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में लोग शराब दुकान के पास शव के पड़े होने के बावजूद आसपास बैठकर शराब पीते नजर आए।

**घटना :** घायल अवस्था में अस्पताल में कराया भर्ती, मामला बसना क्षेत्र के ग्राम दलदली का है मामला

# अवैध धान को लेकर कोचियों में विवाद, गोली चलने से एक घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

जिले के अंतिम गांव दलदली में दूसरे जिले से लाए गए अवैध धान को लेकर कोचियों के बीच गंभीर विवाद हो गया। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार विवाद के दौरान गोली चलने की घटना हुई, जिसमें एक व्यक्ति के घायल होने की जानकारी मिली है। जिसे घायल अवस्था में तत्काल निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका उपचार जारी है।



बताया जा रहा है कि क्षेत्र में अवैध धान की खरीद-फरोख्त और खुलेआम कालाबाजारी की जा रही है। कोचियों द्वारा दूसरे जिलों से धान लाकर अवैध रूप से खपाने का काम लंबे समय से जारी है, जिसको लेकर आपसी टकराव की स्थिति बनी और मामला हिंसक हो गया। स्थानीय लोगों का आरोप है कि अवैध धान के इस कारोबार पर अब तक प्रभावी कार्रवाई नहीं होने से कोचियों के हौसले बुलंद हैं और शासन-प्रशासन इस पूरे मामले से बेखबर बना हुआ है।

घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है। सूत्रों के अनुसार पुलिस को घटना की सूचना दे दी गई है और मामले की जांच की जा रही है। हालांकि, समाचार लिखे जाने तक प्रशासन की ओर से कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है।

# तीन प्रकरणों में 6,694 बोरा धान एवं 15,470 बोरा चावल जब्त

महासमुंद। जिले में धान के अवैध भंडारण, परिवहन एवं स्टॉक सत्यापन के विरुद्ध प्रशासन द्वारा सघन कार्रवाई लगातार जारी है। इसी कड़ी में तीन अलग-अलग प्रकरणों में बड़ी कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में धान एवं चावल जब्त किया गया। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार सरायपाली एसडीएम अनुपमा आनंद के मार्गदर्शन एवं तहसीलदार श्रीधर पंडा के नेतृत्व में टीम द्वारा श्री साईं राइस मिल सरायपाली में भौतिक सत्यापन किया गया। सत्यापन के दौरान स्टॉक में गंभीर कमी पाए जाने पर जब्ती की कार्रवाई की गई। कार्रवाई में कुल 6,000 बोरा धान एवं 15,470 बोरा चावल जब्त किया



गया। इसी प्रकार बसना में एसडीएम हरिशंकर पैंकरा एवं तहसीलदार कृष्ण कुमार साहू के मार्गदर्शन में गठित टीम द्वारा दो राइस मिलों में कार्रवाई की गई। शिव शंकर राइस मिल बसना से 287 पैकेट अवैध धान जब्त किया गया। कामद राइस मिल, बसना से 407 पैकेट अवैध धान जब्त किया गया। जिला प्रशासन ने कहा है कि जिले में धान खरीदी व्यवस्था की पारदर्शिता बनाए रखने एवं अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए आगे भी ऐसी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। दोषियों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# अरंड में युवती पर जानलेवा हमला गंभीर चोट, रायपुर रेफर

**महासमुंद**। अरंड में एक युवती पर हुए जानलेवा हमले की घटना में युवती गंभीर रूप से घायल हो गई और उसे इलाज के लिए महासमुंद अस्पताल लाया गया, जहां उसकी अवस्था को गंभीर मानते हुए स्थानीय चिकित्सकों ने रायपुर रेफर कर दिया। मामले की रिपोर्ट पर खल्लारी थाने में आरोपी युवक के विरूद्ध मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार 26 दिसंबर को ग्राम अरंड में अपने घर की बाड़ी में बंदर भगाने गई युवती डिगेश्वरी ध्रुव पर आरोपी महेश्वर दीवान पिता लीलाधर दीवान ने धारदार हथियार से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इस घटना को लेकर खल्लारी में कराए गए एफआईआर में घायल युवती की भाभी नंदनी ध्रुव पति जनक राम ध्रुव ने पुलिस को बताया कि घर में मेरे पति जनक राम, मेरे ससुर दशरू राम ध्रुव और मेरी ननद डिगेश्वरी ध्रुव (उम्र लगभग 20 साल ) साथ में रहते है। उसके पति महासमुंद में काम करते है। 26 दिसंबर की सुबह उसके पति काम में महासमुंद और ससुर लकड़ी काटने जंगल की ओर चले गये थे। घर में वह और उसकी ननद डिगेश्वरी घर में थे। प्रार्थिया ने बताया कि जब व रसोई में काम कर रही थी तभी उसकी ननद घर बाड़ी में बंदर भगाने गई थी। सुबह करीबन 10 बजे बाड़ी की ओर से उसकी ननद की जोर-जोर से चीखने-चिल्लाने का आवाज आई, जिसे सुनकर वह बाड़ी की ओर गई और देखा कि डिगेश्वरी लहूलुहान हालत में बाड़ी की ओर से भागती हुई घर की ओर आ रही है और उसके पीछे पड़ोस में ही रहने वाला महेश्वर दीवान पिता लीलाधर दीवान हाथ में कुछ धारदार हथियार रखे हुए दौड़ रहा था। इस दौरान प्रार्थिया के सामने ही आरोपी ने डिगेश्वरी पर दो-तीन बार और प्रहार किया, जिससे डिगेश्वरी वहीं पर गिर गई। जब उसने बीच बचाव की कोशिश की, तब महेश्वर दीवान उसे भी मारने के लिए आगे बढ़ा, तब वह डरकर चिल्लाते हुए घर से बाहर भागी और पड़ोसी खोबसिंग ध्रुव को साथ लेकर घर वापस आई। तब देखा कि उसकी ननद बहुत बुरी तरह से घायल स्थिति में जमीन में पड़ी हुई थी। उनके सिर, माथे, नाक, गाल, गर्दन, दोनों हाथ में गंभीर चोट लगने से खून निकल रहा था, और वहां से आरोपी महेश्वर भाग गया था। तब थोड़ी देर में ही गांव के मदन ध्रुव, सरपंच कन्हैया श्रीवास्तव एवं अन्य लोग भी वहां पर आ गये। इसके बाद वाहन 112 के माध्यम से घायल डिगेश्वरी को महासमुंद अस्पताल लेकर गये। जहां उसकी गंभीर हालत को देखते हुए रायपुर अस्पताल रेफर कर दिया गया। मामले में खल्लारी थाने में आरोपी के विरूद्ध धारा 109 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

# इमरजेंसी रिस्पांस सिस्टम से वंचित है रेलवे स्टेशन, यात्रियों को नहीं मिल रही सहायता



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भारतीय रेलवे द्वारा देश के प्रमुख स्टेशनों को स्मार्ट और सुरक्षित बनाने के बड़े-बड़े दावे किए जा रहे हैं, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। नगर के मुख्य रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुरक्षा भगवान भरोसे है। स्टेशन के प्लेटफॉर्मों पर आज भी पैनिक बटन की सुविधा उपलब्ध नहीं है। ऐसे में किसी भी आपात स्थिति या वारदात के दौरान यात्रियों को तत्काल मदद मिलना लगभग नामुमकिन नजर आ रहा है। पैनिक बटन एक ऐसी आपातकालीन प्रणाली है, जिसे दबाते ही सीधे रेलवे सुरक्षा बल या स्टेशन मास्टर के कंट्रोल रूम में अलार्म बज जाता है। इसके साथ ही सीसीटीवी कैमरा सक्रिय होकर उस स्थान पर फोकस करने लगता है, जिससे सुरक्षाकर्मियों को तुरंत पता चल जाता है कि संकट कहां है। विशेषकर महिलाओं, बुजुर्गों और अकेले यात्रा कर रहे यात्रियों के लिए यह किसी लाइफ-लाइन से कम नहीं है।

नगर स्थित रेलवे स्टेशन, जो रायपुर-विशाखापत्तनम मार्ग का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है, यहां से रोजाना हजारों यात्रियों का आवागमन होता है। बावजूद इसके, यहां सुरक्षा के आधुनिक संसाधनों का अभाव चिंता का विषय है। यात्री सोहन लाल ने बताया है कि मैं काम के सिलसिले में अक्सर रायपुर से महासमुंद आता-जाता हूं। कई बार ट्रेनें रात के 2 या 3 बजे आती हैं। स्टेशन के बाहरी इलाकों में अंधेरा रहता है। अगर उस वक्त कोई असामाजिक तत्व घेर ले, तो हम किसे आवाज देंगे। पैनिक बटन होता तो एक उम्मीद रहती कि मदद तुरंत मिल जाएगी। महिला यात्री अनिता ने बताया है कि महिलाओं के लिए सुरक्षा सबसे बड़ा सवाल है। स्टेशन पर आरपीएफ के जवान हमेशा हर कोने में मौजूद नहीं रह सकते। अगर प्लेटफॉर्म के खंभों पर पैनिक बटन लगे हों, तो हमें सुरक्षित महसूस होगा।

### असामाजिक तत्वों का बढ़ता जमावड़ा

स्थानीय लोगों का कहना है कि शाम ढलते ही स्टेशन के प्लेटफॉर्म के अंतिम सिरों पर नशेड़ियों और असामाजिक तत्वों का जमावड़ा शुरू हो जाता है। पैनिक बटन न होने के कारण यात्री उनसे उलझने के बजाय चुपचाप निकलना बेहतर समझते हैं। पहले भी रात के समय असामाजिक तत्वों के द्वारा लूटपाट एवं यात्रियों को परेशान करने की घटना सामने आ चुकि है जिससे यात्रियों के मन डर का माहौल बना रहता है।

### सिस्टम की खामियां और तकनीकी पिछड़ापन

स्टेशन पर हालांकि सीसीटीवी कैमरे लगे हैं, लेकिन उनकी निगरानी की गति और त्वरित प्रतिक्रिया पर सवालिया निशान हैं। पैनिक बटन सिस्टम निर्भया फंड के तहत कई स्टेशनों पर लगाया जा रहा है, लेकिन नगर के स्टेशन में अनदेखी की जा रही है। रेलवे के कर्मचारी ने बताया है कि स्टेशन के आधुनिकीकरण की योजना में है, जिसमें पैनिक बटन भी शामिल है एवं अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पुनर्विकास कार्य चल रहा है, निर्माण पूरा होने के बाद लगाया जायेगा।

### राज्य युवा महोत्सव में गरिमा द्वितीय एवं गुलशन रहे तृतीय

**महासमुंद**। खेल एवं युवा कल्याण विभाग छग द्वारा राज्य स्तरीय युवा महोत्सव वर्ष 2025-26 का आयोजन बिलासपुर में 23 से 25 दिसंबर 2025 तक किया गया। जिसमें महासमुंद जिले के कलाकार शामिल हुए। महोत्सव में महासमुंद जिले के युवा कलाकार लोकनृत्य, पंथी नृत्य, सुआ नृत्य, लोकगीत, वाद-विवाद, कहानी लेखन, चित्रकला, कविता लेखन, नवाचार, एकांकी नाटक, पारंपरिक वेशभूषा एवं रॉक बैंड सहित कुल 12 विधाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। चित्रकला में ऋतिक पहारिया, कविता लेखन में गुलशन साव बसना, साइंस मेला में गरिमा कन्नौजे पिथौरा, परिणिता चंद्राकर महासमुंद, पारंपरिक वेशभूषा में चांदनी साहू महासमुंद, कहानी लेखन में रेशम लाल पटेल पिथौरा, वाद विवाद में डिंपल डड़सेना ने अपनी प्रतिभा दिखाया। जिले से दल प्रभारी अंजुलि जैन, भूपेंद्र कुमार साहू, योगराज चौहान, शिवम आर्य, कमलेश्वरी ध्रुव, प्रीति साहू, हेमलता साहू, उर्वशी साहू, रूप लाल साहू एवं नोडल अधिकारी दिलीप कुमार लहरे खेल अधिकारी पी जी कॉलेज महासमुंद शामिल रहे।

# उपमुख्यमंत्री साव से नपाध्यक्ष निखिल ने नए बस स्टैंड के लिए मांगा सहयोग

## सड़कों के डामरीकरण, वाटर फिल्टर प्लांट व मूलभूत सुविधाओं के लिए की राशि की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने उपमुख्यमंत्री (नगरीय प्रशासन विभाग) अरूण साव से सौजन्य भेंट कर शहर विकास के विभिन्न पहलूओं पर विस्तार से चर्चा की। नपाध्यक्ष ने महासमुंद के विकास से संबंधित मुद्दों को प्रमुखता से उठाया और शहर की अधोसंरचना में सुधार के लिए उपमुख्यमंत्री से सहयोग की अपील कर राशि जारी करने की मांग की।

साहू ने नगरवासियों के मांग अनुरूप नया बस स्टैंड की मांग की। साथ ही जर्जर सड़कों के डामरीकरण अधोसंरचना मद से कराए जाने, नया वाटर फिल्टर प्लांट स्थापित कर शहर के लिए जल सुविधा में विस्तार करने की मांग रखी। उन्होंने मंत्री को शहर में कराए जाने वाले विकास कार्यों से अवगत कराकर सहयोग मांगा।



जिस पर उपमुख्यमंत्री साव ने विकास कार्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए जल्द से जल्द आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दिया।

उल्लेखनीय है कि नगर के विकास व नगर वासियों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू सतत प्रयासरत हैं। उन्होंने पीआईसी व परिषद की बैठकों में शहर के भावी विकास को लेकर सर्वसम्मत प्रस्ताव भी पारित कराए हैं। साहू के सतत प्रयास से शहर विकास को नई दिशा मिल रही है। इस मुलाकात को शहर के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# तुमगांव में अंततः पुलिस ने सौंपी छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

करणीकृपा पावर प्रा. लिमिटेड कंपनी के कथित अवैधानिक कार्यों के विरुद्ध बीते तीन वर्षों से आंदोलनरत छत्तीसगढ़ संयुक्त किसान मोर्चा को शुक्रवार को एक बड़ी नैतिक जीत मिली। न्यायालय के आदेश के पश्चात तुमगांव पुलिस ने छत्तीसगढ़ महतारी की पूज्य प्रतिमा मोर्चा को सौंप दी, जिसे पूर्व में आंदोलन के दौरान जब्त किया गया था।

बता दें कि आंदोलन के दौरान पुलिस ने मोर्चा कार्यकर्ताओं के विरुद्ध धारा 285, 3(5) बीएनएस एवं धारा 8-बी एनएच अधिनियम के तहत अपराध दर्ज किया था। बाद मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट महासमुंद ने मोर्चा के अध्यक्ष अनिल दुबे का जमानत मुचलका स्वीकार करते हुए जब्तशुदा छग महतारी की प्रतिमा सुपुर्दनामे पर सौंपने का आदेश दिया। न्यायालयीन आदेश के पालन में शुक्रवार को आंदोलनकारी तुमगाँव थाना पहुँचे, जहाँ से उन्होंने छग महतारी की प्रतिमा प्राप्त की। पश्चात गंगाजल से शुद्धिकरण कर भव्य शोभायात्रा निकाली।



मोर्चा ने जारी विज्ञप्ति में बताया कि श्रीराम-जानकी मंदिर खैरझिटी में माता विश्राम करेंगी। इस अवसर पर मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अनिल दुबे, प्रवक्ता जागेश्वर प्रसाद, किसान नेता वेगेंद्र सोनबेर, छन्नू साहू, रघुनंदन साहू, बृजबिहारी साहू, राजेश सिंह बिसेन, अशोक कश्यप, रूपसिंह निषाद, अवध साहू, दीनदयाल साहू, धर्मेंद्र यादव, अमजद खान, हेमसागर पटेल, लीलाधर पटेल, उदय चंद्राकर, डोमार ध्रुव सहित बड़ी संख्या में किसान व समर्थक उपस्थित रहे।

